प्रेषक,

राकेश वर्मा,
अपर प्रधान न्यायाधीश–प्रथम,
परिवार न्यायालय,
प्रतापगढ़।

द्वारा– श्रीमान् प्रधान न्यायाधीश,
परिवार न्यायालय,
प्रतापगढ़।

सेवा में,

श्रीमान् महानिबन्धक,
माननीय उच्च न्यायालय,
इलाहाबाद।

महोदय,

मेरी नियुक्ति वर्ष 2018 में जनपद प्रतापगढ़ में हुई थी। स्थानान्तरण के पश्चात मेरे बच्चों की पढ़ाई लखनऊ में हो रही है। स्थानान्तरण के समय मेरा पुत्र आर्यन वर्मा कक्षा 9 में तथा दूसरा पुत्र आदित्य वर्मा कक्षा 6 में सिटी मान्टेसरी स्कूल, गोमती नगर, लखनऊ में एडमीशन लिया। मेरे बच्चे लखनऊ में ही पढ़ रहे है। बच्चों की देखभाल हेतु मेरी पत्नी बच्चों के साथ किराये पर कमरा लेकर लखनऊ में रह रही हैं। साथ में और कोई रहने वाला नहीं है। प्रत्येक हफ्ते अवकाश होने पर लखनऊ जाता हूँ। सड़क मार्ग से स्वयं वाहन चलाने में दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। आर्यन वर्मा वर्तमान में कक्षा 11 में पढ़ रहा है तथा उसका कक्षा 12 (बोर्ड परीक्षा) का पंजीकरण हो चुका है। वर्ष 2021–2022 में कक्षा 12 की परीक्षा के लिये उसे लखनऊ में ही रहना होगा। वर्तमान में कोविड–19 की समस्या को देखते हुए, मेरा बच्चों के साथ रहना आवश्यक है। चूँकि मैं प्रतापगढ़ में वर्ष 2018 से अकेले रह रहा हूँ। मैं भी मधुमेह व उच्च रक्तचाप से पीड़ित हूँ दवा नियमित लेता हूँ। वर्तमान की महामारी को देखते हुए बच्चों की देखभाल आवश्यक है। वर्ष 2018 से प्रतिनियुक्ति हेतु लगभग पन्द्रह आवेदन पत्र प्रस्तुत किये गये, परन्तु मेरी आवश्यकता को आवश्यक नहीं समझा गया।

अतः विनम्र प्रार्थना है कि मेरे आवेदन पर सहानुभूति पूर्वक विचार कर मेरी नियुक्ति लखनऊ में की जाये, जिससे कि अपने बच्चों के साथ रहकर लखनऊ में देखभाल कर सकूँ। आपकी महती कृपा होगी।

सादर।

भवदीय,

दिनांक 21.11.2020

(राकेश वर्मा)
अपर प्रधान न्यायाधीश–प्रथम,
परिवार न्यायालय, प्रतापगढ़।

संलग्नकः–

1. स्कूल की फी–रसीद।